आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 30.11.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2025–26 के लिए गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 405 रुपये प्रति कुन्तल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 395 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- राजधानी देहरादून में आयोजित विश्व आपदा प्रबंधन शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन बीस से अधिक विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।
- संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू।

पेराई सत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेराई सत्र 2025–26 के लिए राज्य की चीनी मिलों द्वारा क्रय किए जाने वाले गन्ने के राज्य परामर्शित मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए पेराई सत्र 2025–26 के लिए अगेती प्रजाति का मूल्य 405 रुपये प्रति कुंतल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 395 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

श्री धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण को गति देना है और यह सुनिश्चित करना है कि गन्ना किसानों को उनकी उपज का पूर्ण और उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो। इसी उद्देश्य के तहत वर्ष 2024–25 की तुलना में इस वर्ष गन्ना मूल्य में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

आरटीओ

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय– आरटीओ से जुड़े विभिन्न कार्यों का तेजी से डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। वाहनों का रजिस्ट्रेशन, वाहन ट्रांसफर, टैक्स जमा करना और लाइसेंस से संबंधित कई प्रक्रियाएँ अब ऑनलाइन होने लगी हैं। आरटीओ का कहना है कि कई वाहन स्वामियों और लाइसेंसधारकों के मोबाइल नंबर उनके वाहन या लाइसेंस रिकॉर्ड में अपडेट नहीं हैं। इसे ध्यान में रखते हुए आरटीओ कार्यालय, वाहन शोरूम, प्रदूषण जांच केंद्रों और फिटनेस सेंटरों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं।

वाहन स्वामी और लाइसेंसधारक इन क्यूआर कोड को स्कैन करके अपना मोबाइल नंबर आसानी से अपडेट कर सकते हैं। विकासनगर के एआरटीओ मनीष तिवारी ने बताया कि मोबाइल नंबर अपडेट होने से न सिर्फ चालान और अन्य सूचनाएँ समय पर प्राप्त होंगी, बल्कि वाहन ट्रांसफर, प्रदूषण जांच और इंश्योरेंस जैसी प्रक्रियाओं में भी सुविधा मिलेगी।

विश्व आपदा प्रबंधन शिखर सम्मेलन

राजधानी देहरादून में आयोजित विश्व आपदा प्रबंधन शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन बीस से अधिक विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें उत्तराखंड सहित देश–विदेश से आए शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। यह आयोजन आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, वैज्ञानिक नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करता है।

शिखर सम्मेलन के दौरान आपदा प्रबंधन में मीडिया की भूमिका पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े प्रतिष्ठित पत्रकारों ने प्रतिभाग कर विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए।

संसद

केंद्र सरकार ने कल से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बैठक में संसद के दोनों सदनों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र पहली दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा।

नशामुक्त पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनसीऑर्ड और राजस्व पुलिस समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को भांग, अफीम, पोस्त और ड्रग्स की अवैध खेती और तस्करी पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज में तेजी से बढ़ रहे नशे के प्रकोप को रोकने के लिए जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है।

रिश्वत

बागेश्वर जिले की तहसील गरुड़ में तैनात पटवारी प्रवीण टाकुली को विजिलेंस टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। शिकायत के आधार पर विजिलेंस टीम ने ट्रैप कार्रवाई की थी, जिसके दौरान पटवारी को नकदी लेते ही पकड़ लिया गया। विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

प्रेसिडेंट कप

टिहरी बांध की झील में आयोजित प्रेसिडेंट कप चैंपियनशिप और टिहरी वाटर कप के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने–अपने देशों के लिए स्वर्ण पदक जीते। अब तक 9 स्वर्ण पदक जीतकर भारत पहले स्थान पर है, जबकि रूस 4 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर और कजाकिस्तान 3 स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

एशियन कायकिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप आगामी ओलंपिक की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए टिहरी बांध की झील में यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रतियोगिता में भारत सहित 22 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

सरकार जानता के द्वार

चमोली जिले के नारायणबगड़ विकासखंड की बुंगा ग्राम पंचायत में 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने वन विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, जल निगम, जल संस्थान, संचार, विद्युत, सिंचाई सहित सभी विभागों से संबंधित 55 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से 42 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.........**

- **दिल्ली धमाके में हल्द्वानी के इमाम से 20 घंटे पूछताछ- इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है- दिल्ली पुलिस और एसटीएफ ने वनभूलपुरा से इमाण और उसके साथी को किया था गिरफ्तार—जांच में कोई सुराग ना मिलने पर दोनों को देर रात छोड़ा गया।**
- **उत्तराखंड के किसानों के लिए खुशखबरी है- राज्य में गन्ना मूल्य में 30 रूपये का इजाफा- हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक- खबर के मुताबिक-अगेती का मूल्य 405 और सामान्य का मूल्य 395 रूपये प्रति कुंतल किया गया।**
- **उत्तराखंड अब भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील,स जोन 6 में हुआ शामिल—अमर उजाला इस शीर्षक के साथ सब हेडलाइन में लिखता है- भारतीय मानक ब्यूरो ने भूकंपीय क्षेत्रीकरण मानचित्र 2025 किया जारी।**

- शीतलहर से निपटने के लिए जिला प्रशासन अपनी तैयारियों में जुटा- इस खबर के शीर्षक में दैनिक जागरण लिखता है-मुख्यमंत्री धामी के आदेश के बाद आपदा प्रबंधन सचिव ने जिलों को दिए निर्देश, धनराशि भी कराई गई मुहैया।